उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 03 अग्रहायण, शक संवत्, 1935
## ( दिनांक : 24 नवम्बर, 2014 )
### समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न

1. शुभारम्भ ''वन्दे मातरम्'' (देखिये नत्थी **''क''**)।

2. प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"**)

3. निधन के निदेश।

4. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड राज्य खनिज विकास परिषद अध्यादेश, 2014 को सदन के पटल पर रखेंगे।

5. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड लोकायुक्त (संशोधन) अध्यादेश, 2014 को सदन के पटल पर रखेंगे।

6. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड राज्य अवस्थापना विकास परिषद अध्यादेश, 2014 को सदन के पटल पर रखेंगे।

7. चिकित्सा शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड परा–चिकित्सा परिषद विनियम, 2014 को सदन के पटल पर रखेंगे।

8. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग का द्वादश वार्षिक प्रतिवेदन (दिनांक 01.04.2012 से 31.03.2013 तक) को सदन के पटल पर रखेंगे।

9. गृह मंत्री, उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम–2007 की धारा 73 (2) के अन्तर्गत ''उत्तराखण्ड पुलिस शिकायत प्राधिकरण वर्ष 2013 की वार्षिक रिपोर्ट'' (अवधि 01 जनवरी, 2013 से 31 दिसम्बर, 2013) को सदन के पटल पर रखेंगे।

10. सचिव, विधान सभा सदन के अनुसमर्थन हेतु प्राप्त संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित रूप में संविधान (एक सौ इक्कीसवां संशोधन) विधेयक, 2014 सदन के पटल पर रखेंगे।

11. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि :–

    (1) उत्तराखण्ड राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) (संशोधन) विधेयक 2014 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 10 जून, 2014 को पारित किया गया था, पर महामहिम

राज्यपाल की अनुमति दिनांक 23 जून, 2014 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2014 का अट्ठारहवां अधिनियम बन गया।

(2) उत्तराखण्ड राज्य विधान मण्डल (अधिकारियों के वेतन तथा भत्ते) (संशोधन) विधेयक 2014 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 10 जून, 2014 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 23 जून, 2014 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2014 का उन्नीसवां अधिनियम बन गया।

(3) उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग विधेयक 2014 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 10 जून, 2014 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 23 जून, 2014 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2014 का बीसवां अधिनियम बन गया।

(4) उत्तराखण्ड संस्कृत शिक्षा विधेयक, 2014 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 10 जून, 2014 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 23 जून, 2014 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2014 का इक्कीसवां अधिनियम बन गया।

(5) उत्तराखण्ड विनियोग (2014–15 का प्रथम अनुपूरक) विधेयक, 2014 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 10 जून, 2014 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 23 जून, 2014 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2014 का बाईसवां अधिनियम बन गया।

(6) सोसायटी रजिस्ट्रीकरण (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2014 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 10 जून, 2014 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 23 जून, 2014 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2014 का तेईसवां अधिनियम बन गया।

**12.** सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

**13.** श्री चन्द्र शेखर, सदस्य विधान सभा, ''जनपद हरिद्वार के ग्राम पंचायत मीरपुर मुवाजरपुर विकास खण्ड बहादराबाद की क्षतिग्रस्त पुलिया निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री राजेन्द्र चौहान, निवासी ग्राम मीरपुर, पो0 गढमीरपुर, विकास खण्ड बहादराबाद, हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

**14.** श्री महावीर सिंह रांगड, सदस्य, विधान सभा, ''उत्तराखण्ड बोर्ड के कक्षा 10 एवं 12 के मेधावी छात्रों को श्रीदेव सुमन मेधावी छात्रवृत्ति योजना दिलाये जाने के सम्बन्ध में'' श्री रमेश सिंह, निवासी ग्राम झगेरी, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

**15.** श्री महावीर सिंह रांगड, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद टिहरी गढ़वाल के धनोल्टी नागटिब्बा मोटर मार्ग के निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री कुंवर सिंह पंवार, ब्लाक प्रमुख निवासी जौनपुर, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

**16.** श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के ग्राम सभा भनार के मोटर रोड़ तिमलाबगड़ सवेधार से ग्राम सभा चुचेर के धरमधर माजखेत मोटर रोड घुरडिया बैन्ड तक लगभग 08 कि0मी0 मोटर रोड़ स्वीकृत करवाने के सम्बन्ध में'' श्री पान सिंह

कोरंगा, निवासी ग्राम सभा (पांखू) भनार पो0 लार्थी वाया सामा, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

17. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के विकास खण्ड कपकोट धरमघर में जनजाति उपयोजना के अन्तर्गत सामुदायिक भवन निर्माण करवाने के सम्बन्ध में" श्री जीवन लाल वर्मा, निवासी ग्राम व पो0 सिमगड़ी, विकास खण्ड कपकोट, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

18. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, ''जिला पिथौरागढ़ के तहसील गंगोलीहाट के ग्राम पंचायत नायल गूंठ तल्ली नायल को मोटर मार्ग से जोड़ने के सम्बन्ध में" श्री ओम प्रकाश निवासी ग्राम तल्ली नायल पो0 सलिया, जनपद पिथौरागढ़ एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

19. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के विकास खण्ड कपकोट के स्थान गनेठा में समूह पेयजल पम्पिंग योजना स्वीकृति के सम्बन्ध में" श्री नन्दन सिंह, निवासी ग्राम व पो0 सिमगढ़ी, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

20. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के विकास खण्ड कपकोट के राजकीय बालिका इण्टर कालेज ऐठाण में प्रधानाचार्य एवं विभिन्न विषयों में रिक्त प्रवक्ता के पदों तथा लिपिक की नियुक्ति किये जाने के सम्बन्ध में" श्री दर्वान सिंह कुंवर, निवासी ग्राम ऐठाण पो0 भराड़ी, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

21. श्री महावीर सिंह रांगड, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड थौलधार कमान्द में महाविद्यालय खोले जाने के सम्बन्ध में'' श्रीमती सरस्वती रावत, निवासी ग्राम तिखोन बैलगांव, पो0 भल्डियाना थौलधार, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

22. श्री महावीर सिंह रांगड, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद टिहरी गढ़वाल के ग्राम पंचायत घोन में हाईस्कूल के उच्चीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री बेल सिंह, निवासी ग्राम घियाकोटी पो0 कान्सी थौलधार, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

23. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

24. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

25. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

26. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक, 2014 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

27. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक, 2014 को पुरःस्थापित करेंगे।

29. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

30. संसदीय कार्य मंत्री निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगी :-

"यह सदन 'भारत का संविधान' के अनुच्छेद 368 के खण्ड (2) के परन्तुक के खण्ड (ख) के क्षेत्रान्तर्गत 'संविधान (एक सौ इक्कीसवां संशोधन) विधेयक, 2014' द्वारा प्रस्तावित संशोधन, जैसा कि भारत की संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किया गया है, का अनुसमर्थन करता है'।

31. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

**देहरादून :**
**दिनांक : 23 नवम्बर, 2014**

(जगदीश चन्द्र)
सचिव।

तृतीय सत्र, 2014
का प्रथम सोमवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा

# की कार्यसूची

## सोमवार, 03 अग्रहायण, शक संवत्, 1936

## ( दिनांक : 24 नवम्बर, 2014 )

## नत्थी ''ख''

### तारांकित प्रश्न

श्री दलीप रावत
07.08.2014

’1. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।** **गोपन**

क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में किन किन मा0 विधायकों को कब कब संसदीय सचिव नामित किया गया है तथा किन विधायकों एवं अन्य महानुभावों को विभिन्न संस्थाओं/निगमों/परिषदों में कब तथा किन पदों पर नामित किया गया है एवं इन संसदीय सचिवों एवं निगमों/परिषदों आदि संस्थाओं में नामित किये गये महानुभावों को क्या–क्या सुविधायें अनुमन्य की गयी हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि प्रत्येक नामित महानुभाव तथा उनके स्टाफ पर प्रतिमाह राजकीय कोष से व्यय हाने वाली धनराशि का स्टाफवार विवरण क्या है तथा इनकी सेवाओं का क्या लाभ सरकार को मिल रहा है और इन्हे नामित किये जाने का औचित्य एवं उद्देश्य क्या है और नामित किन महानुभावों को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है ? क्या राज्य गठन के पश्चात नामित पदों पर विधायकों एवं अन्य महानुभावों को नामित किये जाने की परम्परा रही है ? यदि हां, तो इसका विवरण क्या है ? यदि नहीं तो अब इन महानुभावों को नामित किये जाने का कारण क्या है तथा किन किन प्राविधानों के अधीन इन महानुभावों को नामित किया गया है ?

श्री महावीर सिंह रांगड़
08.08.2014

’2. क्या सैनिक कल्याण मंत्री अवगत हैं कि पर्वतीय क्षेत्रों में जो पूर्व सैनिक दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करते हैं को सी0एस0डी कैन्टीन की सुविधा के लिए 06 से 08 घंटे का सफर तय करके आना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार उनकी सुविधा के लिए पंजाब एवं राजस्थान की भांति ब्लाक स्तर पर मोबाईल कैन्टीन की सुविधा प्रदान करवाने हेतु केन्द्र सरकार को प्रस्ताव प्रेषित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? **सैनिक कल्याण**

| | | |
|---|---|---|
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 12.08.2014 | '3. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत क्यारी से ग्राम पंचायत डांग तक 800 मीटर 11 के0वी0 की विद्युत लाईन कमान फीडर से डाली जानी प्रस्तावित थी ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर 11 के0वी0 की विद्युत लाईन डालने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री मदन कौशिक 12.08.2014 | '4. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।** क्या कार्मिक मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार की नीति के अनुसार संविदा पर कार्यरत कितने कर्मचारियों को स्थाई किया गया है ? क्या नीति के अनुसार अपना पूरा कार्यकाल करने के उपरान्त सभी कर्मचारियों को स्थाई कर दिया गया है ? यदि हां, तो विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **कार्मिक** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 13.08.2014 | '5. क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि दैवी आपदा से प्रदेश में कुल कितनी कृषि भूमि व फसलें नष्ट हो गई हैं ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि कृषि भूमि व फसलों के नष्ट होने से किसान भुखमरी के करार पर है ? यदि हां, तो क्या सरकार किसानों को कृषि भूमि उपलब्ध करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **कृषि** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 13.08.2014 | '6. क्या नागरिक उड्डयन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में 2014 की बरसात कें आई दैवीय आपदा में चारों धामों के रेस्क्यू आपरेशन में कुल कितने हैलीकाप्टरों को शामिल किया गया तथा इनमें से कितने सेना के हैलीकॉप्टर थे और कितने प्राइवेट थे ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इस मद पर राज्य सरकार का कुल कितना खर्चा हुआ तथा कुल कितने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर लाया गया ? | **नागरिक उड्डयन** |
| श्री मदन कौशिक 13.08.2014 | '7. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न जिलों के कितने आपदा ग्रस्त ग्रामों को पुनर्वास की आवश्यकता है ? क्या सरकार द्वारा इस संबंध में कोई समयबद्ध योजना बनाई है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री मदन कौशिक 13.08.2014 | '8. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में समय समय पर विभिन्न जनपदों में विद्युत चोरी के अनेक मामले प्रकाश में आये हैं ? यदि हां, तो सरकार द्वारा विद्युत चोरी रोकने की योजना बनाने हेतु क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 14.08.2014 | '9. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में इस वर्ष दैवीय आपदा से पूर्व आपदा प्रबन्धन के लिए क्या क्या तैयारियां प्रत्येक जिले में की गई थी ? प्रत्येक जिलाधिकारी को आपदा प्रबन्धन के लिए कितनी कितनी धनराशि कब कब इस वर्ष के लिए दी गई ? यदि हां, तो क्या सरकार उसके खर्चों का विवरण जिलेवार बतायेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री दलीप सिंह रावत | '10. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रामनगर–कालागढ़–कोटद्वार मोटर मार्ग को आम जनता के यातायात हेतु खोले जाने | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| 14.08.2014 | के संबंध में अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग रामनगर (नैनीताल) के पत्रांक 2071/12 सी दिनांक 21.11.2009 के द्वारा तीन विकल्प शासन को प्रस्तावित किए जाने की जानकारी दी गई है ? यदि हां, तो प्रस्तावित तीन विकल्पों पर शासन स्तर से अब तक की गई कार्यवाही और हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा रामनगर–कालागढ़–कोटद्वार मोटर मार्ग को कब तक आम जनता के नियमित यातायात हेतु खोल दिया जायेगा ? | |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>19.08.2014 | ’11. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के काशीपुर विकास खण्ड के अन्तर्गत एशियन डेवलपमेंट बैंक से वित्त पोषित काशीपुर–ढ़किया खरमासा 14 कि0मी0 एवं जैतपुर–बरखेड़ी 5.50 कि0मी0 आदि मोटर मार्गों का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो चुका है ? यदि हां, तो वर्तमान में निर्माण स्थल पर कितना कार्य हो चुका है और कार्य पूर्ण करने की समयावधि क्या है ? यदि नही, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>19.08.2014 | ’12. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में 15–16 जून, 2013 को आई दैवीय आपदा से प्रभावित जनपदों में कितने नौजवान, वृद्ध बच्चे एवं महिलाओं की जनहानि हुई है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपदवार कितने परिवारों का विस्थापन एवं पुनर्वास किये जाने की आवश्यकता थी एवं सरकार द्वारा विगत एवं वर्ष के अन्तर्गत कितने परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था प्रदेश के किस भू–भाग में की जा चुकी है और कितने परिवारों का पुनर्वास होना अभी बाकी है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त आकड़ों की जानकारी सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>20.08.2014 | ’13. क्या उद्यान मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में काश्तकारों की नगदी फसलों एवं फलों के संरक्षण के लिए शीतगृह की कोई व्यवस्था न होने के कारण काश्तकारों को फसलों एवं फलों का समय पर उचित मूल्य नहीं मिल पाता है ? यदि हां, तो क्या सरकार धनोल्टी, भवान, थत्यूड़ एवं नैनबाग में शीत गृह बनाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्यान** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>20.08.2014 | ’14. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत 2012–13 में आपदा से हुए क्षतिपूर्ति के रूप में कितना धन आवंटन किया गया ? क्या समस्त आपदा प्रभावित लोगों को क्षतिपूर्ति दे दी गई है ? यदि हां, तो लाभार्थियों का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>20.08.2014 | ’15. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के ग्राम पंचायत धूराली एवं हुरेना के सूनाखेत तथा ग्राम पंचायत स्युवन के ग्राम रवलगांव में लो वोल्टेज की समस्या बनी है ? यदि हां, तो क्या सरकार लो वोल्टेज की समस्या का समाधान करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री चन्दन राम दास<br>22.08.2014 | ’16. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर में आपदा से वर्ष 2014 से वर्तमान तक कितनी धनराशि अलग अलग मदों में विधान सभा वार आवंटित की गयी तथा आवंटित धनराशि का विवरण क्या है ? क्या मंत्री | **आपदा प्रबन्धन** |

जी यह भी बतायेंगे कि आपदा का कार्य टेन्डरों के बजाय सेलेक्शन बॉन्डों पर हो रहा है ? यदि हां, तो सेलेक्शन बॉन्ड किये जाने का मानक व आधार क्या है ? यदि नही ंतो कार्य किस प्रकार से किये जा रहे हैं ?

श्री चन्दन राम दास
22.08.2014

'17. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चाय उत्पादन में लगे मजदूरों को लो0नि0वि0 के दरों की भांति न्यूनतम मजदूरी का भुगतान किया जा रहा है ? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो न्यूनतम मजदूरी के नियम का पालन क्यों नहीं किया जा रहा है ?

**उद्यान**

श्री नवप्रभात
22.08.2014

'18. क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में एफ0एल0 2 (फारेन लिकर स्टोर) की क्या नीति है ? क्या मंत्री जी यह बतायेंगे कि वित्तीय वर्ष 2013–14 तक प्रदेश में इस विषय में क्या व्यवस्था थी ? क्या पूर्व व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है या परिवर्तन किया जाना विचारणीय है ? यदि हां, तो प्रस्तावित परिवर्तन से राज्य के राजस्व में कितनी अभिवृद्धि सम्भावित है ?

**आबकारी**

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
25.08.2014

'19. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**

क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2013–14 में आपदा के तहत जो भी कार्य प्रदेश में कराये गये हैं उनमें कितना धन स्वीकृत धन के सापेक्ष वर्तमान समय तक व्यय किया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट केरंगे कि आपदा के तहत विभिन्न विभागो ंद्वारा कार्य सम्पादित कराने हेतु क्या कोई निविदायें मंगायी गयी थी या अन्य किसी प्रणाली के द्वारा कार्य कराये गये हैं ?

आपदा **प्रबन्धन**

श्री चन्दन राम दास
25.08.2014

'20. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बागेश्वर जिले में कितने व्यक्ति खनन, सॉफ्ट, स्टोन पट्टे धारक हैं ? क्या उक्त पट्टे धारक वैज्ञानिक ढंग से खड़िया का दोहन कर रहे हैं ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जिले में कितनी मात्रा में विगत 3 वर्षों में सॉफ्ट स्टोन का दोहन हुआ है तथा सरकार को विगत 3 वर्षों में शासन को कितने राजस्व की प्राप्ति हुई है ?

**उद्योग**

## अतारांकित प्रश्न

श्रीमती विजय बड़थ्वाल
04.08.2014

1. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लोक निर्माण खण्ड दुगड्डा एवं लैंसडौन को वर्ष 2011 से 2014 तक मोटर मार्गों के नव निर्माण, डामरीकरण, पुनःनिर्माण आदि के लिए किस–किस मद पर कितनी कितनी धनराशि आवंटित की गई ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त धनराशि से मोटर मार्गों का कार्य पूर्ण हो चुका है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**लोक निर्माण**

श्रीमती विजय बड़थ्वाल
04.08.2014

2. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विद्युत वितरण खण्ड कोटद्वार एवं पौड़ी में कितने सहायक अभियन्ताओं एवं अवर अभियन्ताओं के पद रिक्त पड़े हैं ? यदि हां, तो इंजीनियरों की कमी को पूरा करने के लिए क्या सरकार उपरोक्त विद्युत खण्डों में अवर अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ताओं की अविलम्ब भर्ती

**ऊर्जा**

करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री दलीप रावत<br>06.08.2014 | 3. | क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडाउन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कितने विद्युत पोल एवं लाईनें जीर्ण–शीर्ण हैं ? क्या विभाग के पास उक्त खम्बे व लाईने बदलने हेतु पर्याप्त धन उपलब्ध है ? यदि हां, तो सरकार लाईनों व खम्बों को कब तक बदलेगी ? | **ऊर्जा** |
| श्री दलीप रावत<br>06.08.2014 | 4. | क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडाउन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु बिल जमा करने के लिए क्या विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में संग्रह केन्द्र बनाये गये हैं ? यदि हां, तो उनका विवरण क्या है ? क्या बिल जमा करने हेतु आवश्यक कर्मचारी नियुक्त हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री दलीप रावत<br>06.08.2014 | 5. | क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडाऊन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत विद्युत व्यवस्था हेतु अवर अभियन्ता व लाईन मैन के स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने लोग कार्यरत हैं ? क्या रिक्त पदों के कारण विद्युत व्यवस्था में व्यवधान हो रहा है ? यदि हां, तो विभाग क्या कार्यवाही कर रहा है ? | **ऊर्जा** |
| श्री दलीप रावत<br>06.08.2014 | 6. | क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडाऊन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत बाडा टान्डा (विकासखण्ड–बीरौखाल) में विद्युत आपूर्ति हेतु विद्युत लाईन बिछाई गयी है ? यदि हां, तो अभी तक विद्युत आपूर्ति न करने के क्या कारण हैं ? क्या विभाग भविष्य में उक्त ग्राम में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था करेंगी ? | **ऊर्जा** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>07.08.2014 | 7. | **द्वितीय बुधवार के अता0 23 में स्थाना0**<br>क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चरण 06 के अन्तर्गत ज्वारना से कन्स्यूड मोटर मार्ग के नवनिर्माण का विस्तृत आगणन तत्कालिक दरों वर्ष 2007 के आधार पर गठित किया गया था ? यदि हां, तो क्या सत्य है कि उक्त कार्य हेतु निविदा बार बार प्रकाशित की जा रही है किन्तु वर्तमान दरों में काफी वृद्धि होने के फलस्वरूप कोई भी ठेकेदार पुरानी दरों पर विड डालने को तैयार नहीं हो रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार ज्वारना से कन्स्यूड मोटर मार्ग के नवनिर्माण हेतु निविदा वर्तमान दरों के आधार पर प्रकाशित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>07.08.2014 | 8. | **द्वितीय बुधवार के अता0 24 में स्थाना0**<br>क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत ज्वारना–बंगियाल के निर्माण हेतु भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा प्रत्यावर्तन का प्रस्ताव यथाशीघ्र दिनांक 26.12.2012 को मांगा गया था ? यदि हां, तो क्या अभी | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| | तक यह प्रस्ताव नहीं भेजा गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रस्ताव को भेजने पर विचार कर रही है ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री दलीप रावत<br>07.08.2014 | 9. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र लैंसडाउन के अन्तर्गत गत 3 वर्षों में स्वीकृत सड़कों के निर्माण की कार्यप्रगति का सड़कवार विवरण क्या है तथा स्वीकृत सड़कों के निर्माण की कार्यप्रगति का सड़कवार विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कब तक निर्माणधीन सड़कों का निर्माण पूर्ण किया जायेगा तथा इन सड़कों के निर्माण हेतु स्वीकृति धनराशि के सापेक्ष में व्यय की गयी धनराशि का सड़कवार विवरण क्या है ? | **लोक निर्माण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>08.08.2014 | 10. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनौल्टी के अन्तर्गत बी0बी0 रोड के कि0मी0 79 स्थान जाखधार में बरसात के समय हर वर्ष भूस्खलन होने के कारण मार्ग पूर्णतया ध्वस्त हो जाने से लगभग महीनों तक आवागमन बन्द रहता है ? यदि हां तो क्या सरकार उक्त स्थान पर वैकल्पिक मार्ग बनाने का विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>08.08.2014 | 11. क्या सैनिक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पूर्व सैनिकों को सी0एस0डी0 कैन्टीन/सी0एस0डी0 डिपो से सभी कम्पनियों के टूव्हीलर खरीदने की सुविधा है ? यदि हां, तो क्या सभी कम्पनियां अपने कम्पनी के टूव्हीलर पूर्व सैनिकों को खरीदने की सुविधा दे रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सैनिक कल्याण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>08.08.2014 | 12. क्या ऊर्जा विभाग मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत बनियान धार से खाद तक का विद्युतीकरण आज तक नहीं हुआ है ? क्या सरकार उक्त स्थान का विद्युतीकरण करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री मदन कौशिक<br>08.08.2014 | 13. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में गंगोत्री/यमुनोत्री मन्दिर समिति को आपदा कार्यों हेतु सरकार द्वारा कोई राहत प्रदान की गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? इस संबंध में सरकार की नीति क्या है ? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री दलीप रावत<br>11.08.2014 | 14. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कितने मिसिंग लिंक सड़के हैं ? क्या सरकार मिसिंग लिंक सड़कों को पूर्ण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री मदन कौशिक<br>11.08.2014 | 15. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से उनके द्वारा स्वीकृत धन अभी तक जारी नहीं किया गया है ? यदि हां, तो स्वीकृत धन कब तक जारी किया जायेगा ? | **मुख्यमंत्री कार्यालय** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>11.08.2014 | 16. क्या पर्यावरण मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में प्लास्टिक एवं पॉलिथीन क्या अत्यधिक प्रयोग किये जाने से जनसाधारण के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड रहा है ? यदि हां, तो सरकार इसकी रोकथाम हेतु क्या नीति बना रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यावरण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>12.08.2014 | 17. **द्वितीय बुधवार के अता0 25 में स्थाना0**<br>क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामनगर के अन्तर्गत मुख्य मार्ग से तुमड़ियाडाम तक आने जाने हेतु मार्ग का निर्माण किये जाने के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 5416/मंत्री/8–सिंचाई/2014–15 दिनांक 21 दिसम्बर, 2014 में वर्णित तथ्यों एवं किए गए अनुरोध पर की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि मुख्य मार्ग से तुमड़ियाडाम तक आने जाने हेतु मार्ग का निर्माण कब तक किया जायेगा ? | **लोक निर्माण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>12.08.2014 | 18. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत बीबीरोड़ से सेन्दूल मोटर मार्ग के सुधारीकरण एवं डामरीकरण पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक कार्य प्रारमभ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>13.08.2014 | 19. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत अदवानी–नाहसैण–बहेड़ाखाल–खाण्डा तथा सतपुली–व्यासघाट–देवप्रयाग मोटर मार्ग के कतिपय मोड़ों तथा क्षतिग्रस्त पुस्तों के पुनर्निर्माण के संबंध में विगत ढाई वर्षों में कब कब किस स्तर से कितने पत्र प्राप्त हुए हैं तथा इन पत्रों में वर्णित समस्याओं/त्रुटियों के निवारण हेतु की गई कार्यवाही और हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कब तक वर्णित समस्याओं/त्रुटियों का निवारण किया जायेगा ? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>13.08.2014 | 20. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर के अन्तर्गत भण्डार पानी–पाटकोट मोटर मार्ग के 11वें कि0मी0 पर पक्की सुरक्षा दीवार का निर्माण करवाये जाने के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 1122/मंत्री/6–निर्माण/2014–15 दिनांक 09 मई, 2014 अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग रामनगर (नैनीताल) को कब प्राप्त हुआ है तथा प्रत्यावेदन में वर्णित तथ्य क्या–क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इन तथ्यों/मांगों पर अब तक की गई कार्यवाही और हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कब तक प्रस्तावित दीवार कर निर्माण किया जायेगा ? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>13.08.2014 | 21. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत ग्रम सेरा–केलानी–तल्ला मनेरिया–मल्ला मनेरिया–गवाली गावों को मोटर मार्ग से जोड़ने के संबंध में मुख्यमंत्री को संबांधित प्रश्नकर्ता का पत्रांक 579/मंत्री/6–निर्माण/2013–14 दिनांक 07 फरवरी, 2014 | **लोक निर्माण** |

कब प्राप्त हुआ है ? क्या यह सत्य है कि उक्त संदर्भित पत्र पर मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 07 जनवरी, 2014 को स्वीकृति प्रदान की गई है ? यदि हां, तो अभी तक संदर्भित मार्ग निर्माण हेतु शासनादेश जारी न किये जाने के कारण क्या है तथा कब तक उक्त मार्ग निर्माण हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की जायेगी ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 13.08.2014 | 22. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत मा0 मुख्यमंत्री जी के द्वारा राज्य योजना आयोग के अन्तर्गत ए0टी0 मार्ग से ढाल तक मोटर मार्ग का नव निर्माण 03 कि0मी0 राज्य योजना के अन्तर्गत बंगसील–मोलधार तक मोटर मार्ग का नव निर्माण 03 कि0मी0 राज्य योजना आयोग के अन्तर्गत पापरा से औडार्सू मोटर मार्ग का नव निर्माण 02 कि0मी0 राज्य योजना के अन्तर्गत थापला से सूरीधार मोटर मार्ग का नव निर्माण 01 कि0मी0 राज्य योजना के अन्तर्गत दुगगा पुल–शीर्ष–मुंगलोडी मोटर मार्ग के अवशेष भाग का नव निर्माण 02 कि0मी0 के निर्माण की स्वीकृति के बाद भी आज तक उक्त नवनिर्माण मोटर मार्गों का शासनादेश नहीं हो पाया है ? क्या सरकार इन मोटर मार्गों का शासनादेश करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 13.08.2014 | 23. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा मैडखाल–गैर–नगुण मोटर मार्ग का डामरीकरण, लालूरी–कोटी मेहरू की मोटर मार्ग का डामरीकरण भवान–साटागाड मोटर मार्ग का डामरीकरण रत्वाडी–कमान्द–ज्वाराना मोटर मार्ग का डामरीकरण, नकोट–नेग्याणा मोटर मार्ग का पुनःनिर्माण एवं डामरीकरण की स्वीकृति के बाद भी आज तक उक्त मोटर मार्ग के डामरीकरण का शासनादेश नहीं हो पाया है ? यदि हां, तो क्या सरकार इन मोटर मार्गों का शासनादेश करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 13.08.2014 | 24. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अस्थाई खण्ड थत्यूड़ के अन्तर्गत नैनबाग धोड़ाखुरी मोटर मार्ग एवं भद्री वनचौरा मोटर मार्ग दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त हो गया था ? क्या सत्य है कि उक्त क्षतिग्रस्त मोटर मार्गों की निविदा वर्ष 2013–14 को आमंत्रित की गयी थी किन्तु आज तक इन दोनों मोटर मार्गों का न तो कार्य हुआ न ही निविदायें निरस्त हुई हैं ? यदि तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त मोटर मार्गों का पुनः निर्माण करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक निर्माण कार्य प्रारम्भ हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 13.08.2014 | 25. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में लक्ष्मण झूला दुगड्डा मोटर मार्ग अत्यन्त क्षति ग्रस्त है ? यदि हां, तो मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि यह प्रदेश का राज्य मार्ग है ? प्रदेश में कुल राज्य मार्गों की क्या संख्या है तथा राज्य मार्गों के रख रखाव, सुधारीकरण में 2012–13 में कुल कितना खर्चा किया गया है ? क्या सरकार लक्ष्मण झूला दुगड्डा तक क्षतिग्रस्त मोटर मार्ग का सुधारीकरण/ | **लोक निर्माण** |

पुनर्निर्माण कार्य करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>14.08.2014 | 26. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर के अन्तर्गत सावल्दे नदी पर निर्माणाधीन पुल के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है तथा स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष में अब तक कितनी धनराशि व्यय की गई है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि पुल निर्माण कार्य प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक पुल निर्मित किया जायेगा ? | **लोक निर्माण** |
| श्री मदन कौशिक<br>14.08.2014 | 27. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में स्थाई निवास प्रमाण पत्र निर्गत करने की नीति क्या है ? क्या प्रक्रिया को सरलीकरण करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सामान्य प्रशासन** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>14.08.2014 | 28. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में सन् 2011 से सन् 2014 तक ए0डी0बी0 के माध्यम से कुल कितनी सड़कें कहां कहां बनाई गयी ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त सड़कों को बनाने में कुल कितनी धनराशि व्यय की गयी ? | **लोक निर्माण** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>14.08.2014 | 29. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के आई0सी0डी0एस0 निदेशालय में ऐसे अधिकारियों / कर्मचारियों को एक लम्बे समय से सम्बद्ध किया गया है जिनके पद निदेशालय में स्वीकृत ही नहीं है ऐसे अधिकारियों / कर्मचारियों का विवरण क्या है तथा इनकी मूल तैनाती कहां–कहां तथा किस–किस परियोजना में है तथा यह कब कब से सम्बद्ध है ? क्या यह सत्य है कि निदेशालय में सम्बद्ध ऐसे अधिकारियों / कर्मचारियों को तीन दिन के अन्दर कार्यमुक्त करने के निर्देश निदेशक आई0सी0डी0एस0 को दिए गए थे जिनके पद निदेशालय में स्वीकृत ही नहीं है ? यदि हां तो शासन स्तर से जारी निर्देशों के अनुपालन हेतु निदेशक आई0सी0डी0एस0 द्वारा की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा शासनादेश संख्या 811 / गअपप(4) / 2013 दिनांक 25 अप्रेल, 2013 का अनुपालन अभी तक न किए जाने के प्रति कौन उत्तरदायी है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कब तक ऐसे अधिकारियों / कर्मचारियों को निदेशालय से कार्यमुक्त किये जायेंगे जिनके पद निदेशालय में स्वीकृत ही नहीं हैं ? | **महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>19.08.2014 | 30. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत टकोलीखाल छानीखाल मार्ग की निर्माण की क्या स्थिति है तथा इसके विलम्ब के क्या कारण हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मार्ग पर कब तक कार्य प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>19.08.2014 | 31. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के विकास खण्ड कनालीछीना के अन्तर्गत ग्राम रड़ुवा से अमतड़ी तक पैदल मार्ग काली नदी के तेज बहाव से मार्ग बह गया था ? यदि हां, तो क्या सरकार मार्ग का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विशन सिंह चुफाल 19.08.2014 | 32. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत जौलजीवी से टनकपुर मोटर मार्ग के कि0मी0 एक व दो पूरी सड़क क्षतिग्रस्त है जिस कारण मात्र हल्के वाहन हेतु सड़क खुली है ? क्या सरकार बड़े वाहनों हेतु सड़क का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री विशन सिंह चुफाल 19.08.2014 | 33. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के जौलजीवी से टनकपुर मोटर मार्ग डोड़ा से रनुवा तक दो कि0मी0 सड़क का निर्माण कार्य किन कारणों से बन्द है ? क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री दलीप सिंह रावत 20.08.2014 | 34. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मन्दान नदी में 2012 में आयी बाढ़ के कारण बहे झर्त एवं बंजा देवी के पुलों के निर्माण हेतु क्या धन आवंटन किया गया है ? यदि हां, तो कितना ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री दलीप सिंह रावत 20.08.2014 | 35. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत वर्ष 2011–12, 2012–13 में विभाग द्वारा स्वीकृत प्रथम चरण की सड़कों के निर्माण हेतु द्वितीय चरण में अभी तक धन आवंटन न करने के क्या कारण हैं ? क्या भविष्य में उक्त प्रस्तावित सड़कों हेतु धन आवंटित किया जायेगा ? यदि हां, तो उसकी अवधि क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री मदन कौशिक 20.08.2014 | 36. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि केन्द्रीय निधि, प्रधान मंत्री सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित सड़कों के अनुरक्षण की जिम्मेदारी निश्चित अवधि तक ठेकेदार की होती है ? यदि हां, तो क्या प्रदेश में जिला योजना, राज्य योजना के अन्तर्गत निर्मित सड़कों के अनुरक्षण की जिम्मेदारी एक निश्चित अवधि तक निर्धारित करने की योजना बनायी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री विशन सिंह चुफाल 20.08.2014 | 37. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के मड़माले से कठपतियां तक सड़क की दीवारें क्षतिग्रस्त हैं जिससे यातायात बन्द है ? क्या सरकार दीवारों का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री विशन सिंह चुफाल 20.08.2014 | 38. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के डीडीहाट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत 31 मार्च, 2012 से पूर्व राज्य सेक्टर के अन्तर्गत स्वीकृत कुल कितनी सड़कें हैं जिनके वन भूमि के प्रस्ताव जनपद स्तर से आगे नहीं भेजे गये हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार विलम्ब के लिए जिम्मेदार संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री विशन सिंह चुफाल 21.08.2014 | 39. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के बुंगाछीना से पेटखोला तक पांच कि0मी0 सड़क एस0सी0पी0 के अन्तर्गत बनी है ? क्या यह सत्य है कि दो व तीन कि0मी0 सड़क हल्के वाहन हेतु बनी है ? क्या सरकार उक्त दो व तीन कि0मी0 सड़क का बड़े वाहनों हेतु निर्माण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>21.08.2014 | 40. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ में एस0सी0पी0 के माध्यम से निर्मित थल, बलवीर, अल्काथल मोटर मार्ग में डामर उखड़ जाने से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है ? क्या सरकार क्षतिग्रस्त सड़कों का डामरीकरण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>21.08.2014 | 41. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत शंकरपुर नैनीडांडा मार्ग को ए0डी0बी0 के तहत सुधारीकरण की कोई योजना है ? यदि हां, तो कब तक कार्य प्रारम्भ हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>21.08.2014 | 42. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत वर्ष 2012–13, 2013–14 में ए0डी0बी0 के अन्तर्गत कितनी सड़कें पक्कीकरण हेतु प्रस्तावित है ? क्या विभाग प्रस्तावित सड़कों हेतु धन आवंटित करेगा ? यदि हां, तो प्रस्तावित सड़कें पक्कीकरण हेतु प्रस्तावित है ? क्या विभाग प्रस्तावित सड़कों हेतु धन आवंटित करेगा ? यदि हां, तो प्रस्तावित सड़कों का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>22.08.2014 | 43. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत में लोहाघाट–चम्पावत के लिए पूर्व में विकास खण्ड लोहाघाट के ग्राम डेंसली में 132 के0वी विद्युत सब स्टेशन की स्वीकृति दी गई थी ? यदि हां तो क्या सरकार डेंसली में विद्युत सब स्टेशन का निर्माण करवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| डा0 प्रेम सिंह राणा<br>22.08.2014 | 44. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंहनगर के नानकमत्ता विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि उप–मण्डी का उच्चीकरण करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **कृषि** |
| डा0 प्रेम सिंह राणा<br>22.08.2014 | 45. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंहनगर के नानकमत्ता विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत साधुनगर से सिडकुल सम्पर्क मार्ग होते हुए कैलाश नदी पर पुल बनाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>22.08.2014 | 46. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडाउन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत विद्युत उपभोक्ताओं के मीटर रीडिंग हेतु कितने कर्मचारी नियुक्त हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि ऊर्जा निगम द्वारा वास्तविक मीटर रीडिंग करने के पश्चात ही विद्युत बिल दिये जाते हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>22.08.2014 | 47. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नवीन मण्डी स्थल रामनगर यार्ड में रिक्त पड़े स्थान पर राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत 02 नग गोदाम के निर्माण के संबंध में मा0 मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड को संबोधित प्रश्नकर्ता के पत्रांक 102/मंत्री/22–कृषि/2013–14 दिनांक 10 जनवरी, 2014 में वर्णित बिन्दुओं पर की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह | **कृषि** |

| | | |
|---|---|---|
| | भी बतायेंगे कि नवीन मण्डी स्थल रामनगर यार्ड में कब तक प्रस्तावित 02 नगर गोदामों का निर्माण किया जायेगा ? | |
| श्रीमती अमृता रावत<br>22.08.2014 | 48. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के विकास खण्ड जखोली के अन्तर्गत उद्यान विभाग की भूमि बिना उद्यान विभाग अथवा विभागीय मंत्री के सहमति/संस्तुति के कृषि विभाग को हस्तानान्तरित किए जाने के संबंध में मा0 मुख्यमंत्री सचिवालय के पत्र संख्या टप्च्(ड)/2013/ग्ग्ट–1/2–14(3) दिनांक 24 फरवरी, 2014 के द्वारा प्रमुख सचिव कृषि विभाग को अग्रसारित प्रश्नकर्ता के पत्र में वर्णित तथ्यों पर की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है ? | **कृषि** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>22.08.2014 | 49. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकासखण्ड रामनगर की ग्राम सभा उदयपुरी बन्दोवस्ती एवं पापड़ी से भवानीपुर बड़ी तक बरसाती नाला (मझारी) से हो रहे भूमि कटाव की रोकथाम के संबंध में जिला भूमि संरक्षण अधिकारी रामनगर (नैनीताल) को संबोधित प्रश्नकर्ता के पत्रांक 3950/मंत्री/22–कृषि/2012 दिनांक 22 अक्टूबर, 2013 के साथ अग्रसारित प्रत्यावेदन में वर्णित समस्या के निवारण हेतु की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा उपरोक्त भूकटाव की रोकथाम कब तक की जायेगी ? | **कृषि** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>22.08.2014 | 50. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कृषि मण्डी समिति रामनगर में कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था के संबंध में प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड कृषि उत्पाद विपणन बोर्ड, रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) को संबोधित शासन के पत्रांक टप्च/105/ग्प्प्.प्/2012–33(01)/2012 दिनांक 21 नवम्बर, 2012 में वर्णित तथ्यों पर की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक कृषि मण्डी समिति रामनगर में कोल्डस्टोरेज की व्यवस्था की जायेगी ? | **कृषि** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>25.08.2014 | 51. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि विभाग द्वारा आपदा के तहत पर्वतीय क्षेत्रों के अधिकांश मोटर मार्गों पर डामरीकरण व पैच मरम्मत कार्य किया गया था जो वर्षा के समय पानी के रूकने से पुनः क्षितिग्रस्त हो रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार वर्षा के पानी की शीघ्र निकासी व मोटर मार्गों की सुरक्षा हेतु मोटर मार्गों पर नाली निर्माण हेतु कोई योजना बनायेगी ? यदि हां, तो क्या और कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| डा0 प्रेम सिंह राणा<br>25.08.2014 | 52. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के नानकमत्ता विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत चैतुआखेड़ा–देवीपुर सम्पर्क मार्ग पर पुल बनाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| डा0 प्रेम सिंह राणा<br>25.08.2014 | 53. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के नानकमत्ता विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत पीपलगोला–बरकीडांडी नाला में पुल बनाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री चन्दन राम | 54. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि बागेश्वर जिले के कुछ गांव व तोक | **ऊर्जा** |

| | | |
|---|---|---|
| दास<br>25.08.2014 | विद्युतीकरण से वंचित है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इनकी संख्या व सूची उपलब्ध करायेंगे ? क्या उपरोक्त छूटे हुए तोकों को किसी योजना में विद्युतीकरण किया जाना प्रस्तावित है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जिला योजना में विभाग को विगत तीन वर्षों से धन नहीं मिलने का क्या कारण रहा है ? उक्त ग्रामों व तोकों का विद्युतीकरण कब तक कर दिया जायेगा ? | |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>25.08.2014 | 55. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में वर्ष 20.09.2010 में परोड़ी–लंगडासू झूला पुल स्वीकृत हुआ था ? यदि हां, तो क्या सरकार परोड़ी–लंगड़ासू झूला पुल बनाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>25.08.2014 | 56. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में विगत वर्ष एवं इस वर्ष आयी आपदा से क्षतिग्रस्त कृषि भूमि का मुआवजा आज तक काश्तकारों को नहीं मिल पाया है ? यदि हां, तो क्या सरकार उनको मुआवजा देने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>25.08.2014 | 57. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जिला ऊधमसिंहनगर की विधान सभा क्षेत्र काशीपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग–74 के रेलवे क्रासिंग पर पूरे दिन में 8 से 10 घंटे का जाम लगा रहता है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इस जाम से जनता को राहत दिलाए जाने हेतु फ्लाईओवर का निर्माण कराया जाना सरकार के विचाराधीन है ? यदि हां, तो उक्त योजना के प्रति प्रदेश सरकार द्वारा रेल मंत्रालय भारत सरकार को प्रस्ताव कब भेजा गया है और केन्द्र सरकार इसके प्रति क्या कार्यवाही कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री चन्दन राम दास<br>26.08.2014 | 58. क्या उद्यान मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर में स्थापित चाय उत्पादन के कार्य को बढ़ावा दिये जाने हेतु सरकार कोई ठोस उपाय कर रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार चाय विकास बोर्ड किसानों द्वारा उत्पादित पत्तियों का उचित मूल्य देने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कितना रू0 प्रति किलो व किस दर से एवे पूर्व की प्रचलित दरें क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्यान** |
| डा0 प्रेम सिंह राणा<br>26.08.2014 | 59. **द्वितीय बुधवार के अता0 25 में स्थाना0** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद उधमसिंहनगर के नानकमत्ता विधान सभा के अन्तर्गत सितारगंज से बिज्टी सम्पर्क मार्ग बना था ? यदि हां, तो निर्माण कार्य में कितनी लागत आयी ? क्या उक्त मार्ग में सरकार द्वारा मार्ग का जीर्णोधार का कार्य कराया गया ? यदि हां, तो कब–कब कितनी धनराशि खर्च हुई तथा वर्षवार विवरण क्या है ? | **लोक निर्माण** |
| डा0 प्रेम सिंह राणा<br>26.08.2014 | 60. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंहनगर के नानकमत्ता विधान सभा के अन्तर्गत विडौरा–छमीपाथशाही गुरूद्वारा के पास खखरा नाला में पुल बनाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री गणेश जोशी | 61. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में वर्ष 2013 में आयी आपदा | **आपदा** |

| | | |
|---|---|---|
| 26.08.2014 | के दौरान प्रदेशवासियों के आवासीय मकानों तथा सिंचित भूमि की काफी क्षति हुई है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रभावित परिवारों एवं किसानों को हुऐ नुकसान का मुआवजा सरकार के शासनादेश के अनुसार पीड़ितों को मिल पाया है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी मसूरी विधान सभा क्षेत्र में दिये गये मुआवजे की विस्तृत जानकारी देने का कष्ट करेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **प्रबन्धन** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 26.08.2014 | 62. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के कुलोनी–मुनड़ा–देवीखाल मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 3.220 है0 वन भूमि मछोड़ से ढूंगा मोहान मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 3.843 है0 वन भूमि एवं हरड़ा–भिक्यिासैण मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 4. 676 है0 वन भमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन के प्रस्ताव में बार बार विभिन्न आपत्तियां लगाये गये हैं जिसके कारण मोटर मार्ग निर्माण का कार्य नहीं हो पा रहा है ? क्या सरकार समयबद्ध रूप से सभीा आपत्तियों का निराकरण कर दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करेगी ताकि प्रदेश स्तर पर त्वरित गति से कार्य करते हुए सभी आपत्तियों का निराकरण एक बार में करते हुए केन्द्र को वन भूमि प्रत्यावर्तन हेतु प्रस्ताव भेजने पर भी विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती अमृता रावता 26.08.2014 | 63. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकासखण्ड रामनगर के ग्राम पुछड़ी नयी बस्ती के विद्युतीकरण हेतु एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की स्थापना करने के संबंध में प्रश्न कर्ता के पत्रांक 1003/विधायक/16–ऊर्जा/2014–15 दिनांक 05 जून, 2014 कब प्राप्त हुआ है तथा प्रत्यावेदन में वर्णित समस्या के समाधान हेतु की गयी कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित किया जायेगा ? | **ऊर्जा** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 27.08.2014 | 64. **द्वितीय बुधवार के अतारांकित 17 में स्थाना0**<br>क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के सल्ट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत पत्थर खोला–महरगांव एवं पैसिया–गढकोट मोटर मार्ग की सैद्धान्तिक स्वीकृति के उपरान्त भी किन कारणों से निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है ? क्या सरकार शीघ्र ही उक्त मोटर मार्ग का निर्माण सुनिश्चित करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 27.08.2014 | 65. **द्वितीय बुधवार के अतारांकित 18 में स्थाना0**<br>क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के सल्ट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत देघाट–लालनगरी एवं जौंरासी–जैखाल मोटर मार्ग के निर्माण के प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार मार्ग के निर्माण में हो रहे विलम्ब हेतु ठोस कार्यवाही करते हुए शीघ्र इसका निर्माण सुनिश्चित करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 27.08.2014 | 66. **न्यायालय के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।**<br>क्या पुनर्गठन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य के गठन के समय पूर्ववर्ती राज्य उत्तर प्रदेश से प्राप्त सम्पत्तियों के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के नियत्रणाधीन जलाशयों, डैमों जैसी सम्पत्तियां तथा अन्य सम्पत्तियां जो की पूर्ण रूप से उत्तराखण्ड में अवस्थित हैं को उत्तराखण्ड राज्य के नियंत्रणाधीन लाने हेतु | **पुनर्गठन** |

| | | |
|---|---|---|
| | सरकार प्रयास कर रही है ? यदि हां, तो कौन कौन से प्रयास किये गये हैं एवं किये जा रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 28.08.2014 | 67. **द्वितीय बुधवार के अता0 19 में स्थाना0** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा के सीमान्त ग्रम बगाचव्वन को मुख्य मोटर मार्ग से जोड़ा जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री गणेश जोशी 28.08.2014 | 68. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून में दिनांक 16 अक्टूबर, 2013 को नागल पुल के शुभारम्भ के अवसर पर तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा सहस्त्रधारा जाने वाले एक मात्र मार्ग काली रोड नदी पर पुल के निर्माण की घोषणा पर विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गयी ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप सहस्त्रधारा जाने वाली एक मात्र मार्ग काली–रो पर इसी वर्ष पुल बनाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 28.08.2014 | 69. क्या मुख्यमंत्री अगवत हैं कि जनपद अल्मोड़ा में थला–भ्याड़ी–भीताकोट मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 3.3243 है0 एवं शहीद आनन्द सिंह रावत–गिवाईथानी मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.680 है0 है वन भूमि का गैर वानिकी कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन के प्रस्ताव पर बार बार विभिन्न आपत्तियों लगायी गयी हैं जिस कारण मोटर मार्ग निर्माण का कार्य नहीं हो पा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार समयबद्ध रूप से सभी आपत्तियों का निराकरण एवं विलम्ब के लिए दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करेगी और प्रदेश स्तर पर त्वरित गति से कार्य करते हुए सभी आपत्तियों के निराकरण करते हुए केन्द्र को वन भूमि प्रत्यावर्तन हेतु भेजने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 28.08.2014 | 70. **द्वितीय बुधवार के अता0 20 में स्थाना0** क्या मुख्यमंत्री अगवत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के सल्ट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत वल्मरा–तामाढौन–खल्डुवा एवं देघाट–जौरासी मोटर मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा वर्षों से प्राप्त इस प्रस्ताव पर आज तक विभिन्न स्तरों पर लम्बित होने के परिणामस्वरूप लोगों को अपेक्षित लाभ नहीं हो पा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार मार्ग के निर्माण में हो रहे विलम्ब हेतु ठोस कार्यवाही करते हुए शीघ्र इसका निर्माण सुनिश्चित करायेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 28.08.2014 | 71. **द्वितीय बुधवार के अता0 21 में स्थाना0** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के सल्ट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत चक्करगांव–घुघती मोटर मार्ग की सैद्धान्तिक स्वीकृति के उपरान्त भी किन कार्यों से निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है ? क्या सरकार शीघ्र ही उक्त मोटर मार्ग का निर्माण सुनिश्चित करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>29.08.2014 | 72. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा में देघाट–नारायण मन्दिर–नागचूला मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 4.670 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन के प्रस्ताव बार बार विभिन्न आपत्तियों लगायी गयी हैं जिस कारण मोटर मार्ग का निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार समय बद्ध रूप से सभी आपत्तियों का निराकरण करते हुए केन्द्र को वन भूमि प्रत्यावर्तन हेतु भेजने पर विचार करेगी ? क्या सरकार दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>29.08.2014 | 73. **द्वितीय बुधवार के अता0 22 में स्थाना0**<br>क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा में प्रधानमंत्री मोटर मार्ग चमकना–अधै–थतराड़ मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 3.578 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन के प्रस्ताव बार बार विभिन्न आपत्तियां लगायी गयी हैं जिस कारण मोटर मार्ग का निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार समय बद्ध रूप से सभी आपत्तियों का निराकरण करते हुए केन्द्र को वन भूमि प्रत्यावर्तन हेतु भेजने पर विचार करेगी ? क्या सरकार दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>29.08.2014 | 74. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा में गगास–उड़ीमहादेव–शैलापानी–भिकियासैण्ड–मरचूला मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 13.842 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन के प्रस्ताव पर बार बार विभिन्न आपत्तियां लगायी गयी हैं जिस कारण मोटर मार्ग का निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार समय बद्ध रूप से सभी आपत्तियों का निराकरण करते हुए केन्द्र को वन भूमि प्रत्यावर्तन हेतु भेजने पर विचार करेगी ? क्या सरकार दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री नवप्रभात<br>03.09.2014 | 75. **द्वितीय सोमवार के अता0 26 में स्थाना0**<br>क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में शिक्षा के विभिन्न पिछड़े वर्गों के छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति (स्कूल शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा को सम्मिलित करते हुए) का विवरण क्या है तथा इस छात्र वृत्ति में केन्द्रांश तथा राज्यांश कितना है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वर्तमान शिक्षा सत्र तक छात्रवृत्ति का भुगतान छात्रों को किया जा चुका है ? यदि नहीं, तो इस संबंध में क्या कार्यवाही की गयी है ? | **अल्पसंख्यक कल्याण** |
| श्री नवप्रभात<br>04.09.2014 | 76. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कृषि तथा बागवानी के लिए कीटनाशक दवा उपलब्ध कराने की क्या व्यवस्था है तथा यह दवाईयां रियायती दरों पर उपलब्ध करायी जाती हैं ? यदि हां, तो कितनी दर से रियायत प्रदान की जाती है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इस नीति में कृषक एवं बागवानों के प्रतिनिधियों द्वारा दवा चयन की व्यवस्था की गई है ? क्या नीति में कृषक तथा बागवान द्वारा सीधे दवा खरीद पर रियायत देने के भी व्यवस्था की गयी है ? | **उद्यान** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 08.09.2014 | 77. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत धनोल्टी तहसील में 16–17 जून 2013 को दैवीय आपदा से हुई क्षति की राहत सरकार ने जिन काश्तकारों, भवन स्वामीयों एवं घराट (पनचक्की) का चैक द्वारा भुगतान किया था वह चैक उपलब्ध न होने के कारण बाउंस हो गये हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त व्यक्तियों को तत्काल राहत राशि देने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 08.09.2014 | 78. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत ग्राम पंचायत विविल के पन्थयूड़ा व पिथौरागढ़ जिले की ग्राम पंचायत सल्ला के बीच सरयू नदी पर पैदल झूला पुल की मांग कई वर्षों से की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार पन्यूड़ा में झूला पुल बनाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 08.09.2014 | 79. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत पूर्व में स्वीकृत घूनाघाट–बरमतोड़ा–छिनकाछीना सड़क का निर्माण कार्य रोकने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 08.09.2014 | 80. क्या कृषि मंत्री बतायेंगे कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट में जो मण्डी परिषद द्वारा सड़कों को निर्माण किया गया है उनकी हालत जीर्ण शीर्ण बनी हुयी है ? यदि हां, तो क्या सरकार ने उन सड़कों के अनुरक्षण की व्यवस्था की है तथा अनुरक्षण के लिए धनराशि का प्रावधान भी किया है ? यदि हां, तो कितना ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **कृषि** |
| श्री दलीप सिंह रावत 10.09.2014 | 81. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैन्सडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत 2010 से 2014 तक आपदा सूचना केन्द्र में कितनी शिकायतें पंजीकृत हुयी है ? क्या शासन द्वारा उक्त शिकायतों के सापेक्ष धन आवंटित कर दिया गया है ? यदि हां, तो विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री सुबोध उनियाल 10.09.2014 | 82. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर के अन्तर्गत चन्द्रभागा नदी में उपखनिज का चुगान कितने सालों से नहीं हुआ है ? क्या यह सत्य है कि इसके कारण नदी का जलस्तर तटबन्ध के बराबर हो गया है जिससे ढालवाला एवं मुनी की रेती क्षेत्र में बाढ़ का खतरा हमेशा बना रहता है ? यदि हां, तो क्या सरकार चन्द्रभागा नदी में चुगान के बारे में विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्योग** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 10.09.2014 | 83. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के विकासखण्ड पाटी के कानाकोट शिमली गांव में भूस्खलन के कारण कई गांव खतरे की जद में हैं ? क्या सरकार ग्रामवासियों की सुरक्षा के दृष्टिगत उक्त ग्रामों के विस्थापन हेतु विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 10.09.2014 | 84. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के विकास खण्ड पाटी में बांस–बसवाड़ी से गर्सलेख तक सड़क मार्ग जो वि0ख0 मुख्यालय एवं तहसील मुख्यालय को आपस में जोड़ती है को पक्का किये जाने की मांग क्षेत्र की जनता द्वारा लम्बे समय से की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार सड़क मार्ग को पक्का किये जाने हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री चन्दन राम दास 15.09.2014 | 85. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला अल्मोड़ा के विकासखण्ड द्वाराहाट में जालली मासी रोड से बगरीगाट–मोहणी–तया–बजन मोटर मार्ग स्वीकृत है ? यदि हां, तो इसकी स्वीकृति का वर्ष क्या है तथा इतने लम्बे समय से स्वीकृति के बाद भी उक्त मोटर मार्ग के निर्माण में विलम्ब के क्या कारण हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त रोड के निर्माण का कार्य कब तक शुरू हो जायेगा तथा इतने लम्बे समय से रोड में निर्माण न होने के लिए कौन अधिकारी जिम्मेदार है ? क्या सरकार द्वारा दोषी अधिकारी के विरूद्ध कोई प्रशासनिक कार्यवाही की जायेगी ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री चन्दन राम दास 16.09.2014 | 86. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या प्रदेश में स्वीकृत मार्गों में लम्बे समय से काम अपूर्ण होने की दशा में पुनरीक्षित आगणन स्वीकृत कराने पड़ते हैं ? यदि हां, तो प्रश्नकर्ता के जनपद बागेश्वर विधान सभा क्षेत्र में ऐसे कितने पुनरीक्षित आगणन शासन में लम्बित हैं तथा पुनरीक्षित आगणनों की स्वीकृति में कितना समय लगता है ? क्या मंत्री जी उक्त आगणनों को शीघ्र स्वीकृति करने पर विचार करेंगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती अमृता रावत 16.09.2014 | 87. | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुख्यमंत्री के पद पर आसीन होने से वर्तमान तक मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से स्वीकृत आर्थिक सहायता प्रयोजन सहित स्वीकृत धनराशि का विधान सभा वार विवरण क्या है ? | **मुख्यमंत्री कार्यालय** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 17.09.2014 | 88. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्वतीय जिलों में ऐसे कितने मोटर मार्ग हैं जहां निविदायें आमंत्रित हो जाने के उपरान्त भी ठेकेदार डामरीकरण कार्य हेतु निविदाओं में प्रतिभाग नहीं कर रहे हैं ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि स्थानीय स्तर पर डामरीकरण हेतु सामग्री की कोई व्यवस्था नहीं है और विभाग द्वारा स्थानीय स्तर पर ही दिये जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हो रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा शीघ्र कोई योजना बनाते हुए डामरीकरण का कार्य आरम्भ करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 17.09.2014 | 89. | क्या उद्यान मंत्री अवगत हैं कि पर्वतीय क्षेत्र में चाय बगान व सुगन्धित गुलाब की खेती को बढ़ावा देने पर विचार कर रही है जिससे रोजगार व पर्यटन को बढ़ावा मिल सके ? यदि हां, तो क्या सरकार इस हेतु की गयी कार्यवाही का पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्यान** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह | 90. | क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जिन्होने अपने विद्यालयों | **ऊर्जा** |

| | | |
|---|---|---|
| जीना<br>17.09.2014 | में कम्पयूटर शिक्षा या अन्य उपयोग हेतु विद्युत कनक्शेन का आवेदन करने के पश्चात भी उनको कनेक्शन नहीं दिया है ? क्या सरकार उन सभी विद्यालयों का विधान सभा वार विवरण देगी ? क्या मंत्री जी विद्युत हेतु आवेदन करने वाले विद्यालयों के साथ ही विद्युत से वंचित रह गये सभी विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन लगाने हेतु कोई कार्यवाही करेंगे ? यदि हां, तो क्या और कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री चन्दन राम दास<br>17.09.2014 | 91. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रथम चरण में शासन द्वारा स्वीकृत पुलों को द्वितीय चरण का आगणन स्वीकृति हेतु भेजा जाता है ? यदि हां, तो विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर मे कौन–कौन से पुल प्रथम चरण में स्वीकृत हैं और कौन से द्वितीय चरण के स्वीकृति हेतु शासन को भेजे हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि शासन में लम्बित द्वितीय चरण के आगणन स्वीकृति हेतु सरकार तत्काल विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>19.09.2014 | 92. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में उनके विभाग द्वारा जो सड़कों की देख–रेख के लिए श्रमिकों (मेट) हेतु निविदायें आमंत्रित की गयी थी जिसमें केवल प्राइवेट लि0 व पार्टनर शिप वाली कम्पनियों को ही अवसर दिया गया था जिस कारण प्रोपराईटर शिप वाली कम्पनियां प्रतिभाग नहीं कर पायी और बहुत कम लोगों के प्रतिभाग करने के कारण अच्छी दरें प्राप्त नहीं हो पायी ? यदि हां, तो क्या सरकार स्थानीय स्तर पर जो स्वयं अपनी कम्पनी बनाकर प्रोपराईटर शिप में कार्य कर रहे हैं उन्हे भी अवसर देतु हुए पुनः निविदायें आमंत्रित करेंगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री गणेश जोशी<br>23.09.2014 | 93. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि वर्ष 2014 में छावनी परिषद गढ़ी कैंट में आपदा से हुए नुकसान का आकलन राज्य सरकार द्वारा नहीं किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या छावनी परिषद गढ़ी कैंट से आपदा से हुए नुकसान के पुनःनिर्माण के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो क्या आपदा के कारण हुए नुकसान का आकलन कराकर छावनी परिषद गढी कैंट में आपदा मद से कार्य कराया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री यतीश्वरानन्द<br>25.09.2014 | 94. क्या लोक निर्माण विभाग मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार के ग्रामीण क्षेत्र के भोगपुर मेन रोड शिव स्टोन क्रेशर से टाण्डा भगमल तक सड़क की हालत जीर्ण शीर्ण है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क सुधार हेतु कोई व्यवस्था कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री यतीश्वरानन्द<br>25.09.2014 | 95. क्या लोक निर्माण विभाग मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण में आदर्श टिहरी विस्थापित बस्ती पथरी की आन्तरिक सड़कों की हालत जीर्ण शीर्ण है ? यदि हां तो क्या आदर्श टिहरी बस्ती पथरी की सड़कों के निर्माण हेतु सरकार ने कोई व्यवस्था की है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री यतीश्वरानन्द | 96. क्या लोक निर्माण विभाग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र | **लोक निर्माण** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 25.09.2014 | हरिद्वार ग्रामीण के ग्राम पंचायत मीटीबेरी में आपके विभाग द्वारा 300 मी0 स्पान का पुल स्वीकृत है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त पुल का निर्माण कार्य कब किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | | |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 26.09.2014 | 97. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत वन विभाग के क्षेत्र में स्वीकृत सड़कों के निर्माण हेतु कार्यवाही प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 26.09.2014 | 98. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत कुल्हाल में भूरेशाह हाईस्कूल सिंचाई कालोनी, हाइडिल कॉलोनी, कुल्हान बस्ती की ओर जाने वाले मार्ग पर पुल निर्माण की कार्यवाही प्रस्तावित है ? यदि हां, तो उक्त पुल का निर्माण कब तक किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 26.09.2014 | 99. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत गुलाटा नदी पर पुल बनाया जाना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 26.09.2014 | 100. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की ग्राम पंचायत विधोली के अन्तर्गत मुख्य मार्ग से गांव की ओर लगभग 1500 मी0 सड़क बनाये जाने की कार्यवाही प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |